हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, सोमवार, 17 जून 2024

तापमान
अधिकतम 45.2 डिग्री
न्यूनतम 31.6 डिग्री

12 अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियां शुरू


12 सीएम ने सिरसगढ़ मंदिर में टेका माथा


# श्रीअखंड पाठ साहिब की पहली लड़ी के साथ हरगोबिंद साहिब जी महाराज का प्रकाश उत्सव समागम शुरू

## उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान समेत हरियाणा के कई जिलों से पहुंची संगत, पंगत में छका लंगर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

धन-धन श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी महाराज के श्री अखंड पाठ साहिब की पहली लड़ी के साथ श्री गुरु हरगोबिंद साहिब जी महाराज का प्रकाश उत्सव समागम रविवार सुबह शुरू हो गया। ऐतिहासिक गुरुद्वारा साहिब पातशाही छठी में आरंभ हुए सात दिवसीय इस समागम में पहले दिन उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान समेत हरियाणा के कई जिलों से यहां पहुंची संगत ने श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी महाराज के समक्ष हाजिरी भरी। सबसे पहले गुरुद्वारा साहिब पातशाही छठी के पूर्व हैड ग्रंथी एवं कथावाचक भाई गुरदास सिंह ने सरबत के भले की अरदास गुरु चरणों में की। तत्पश्चात श्री अखंड पाठ साहिब की पहली लड़ी का शुभारंभ हुआ और संगत ने गुरबाणी सिमरन करते हुए स्वयं को पुण्य का भागी बनाया। भीषण गर्मी के बावजूद गुरुद्वारा साहिब पहुंची भारी तदाद में पहुंच संगत ने अपने धैर्य का परिचय देते हुए श्री अखंड पाठ साहिब का श्रवण किया। कार्यक्रम में हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी की कनिष्ठ उपप्रधान बीबी रविंदर कौर अजराना ने संस्था के प्रधान जत्थेदार भूपिंदर सिंह असंध की ओर से संगत का यहां पहुंचने पर आभार जताया। उन्होंने कहा कि हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी द्वारा दूसरी बार यह समागम करवाया जा रहा है। उन्होंने संगत से कार्यक्रम के दौरान बढ़-चढ़ कर सहयोग करने की अपील की।

■ प्रकाश उत्सव समागम में पहुंची संगत का हरियाणा कमेटी की कनिष्ठ उपप्रधान बीबी रविंदर कौर अजराना ने किया स्वागत



कुरुक्षेत्र। ऐतिहासिक गुरुद्वारा साहिब पातशाही छठी में श्री अखंड पाठ साहिब की पहली लड़ी के शुभारंभ अरदास में शामिल संगत व श्रीअखंड पाठ साहिब करते पाठी सिंघ। फोटो : हरिभूमि

### चार हजूरी रागी पहुंचे

हरियाणा कमेटी के स्पोकसमैन कवलजीत सिंह अजराना ने संगत को संबोधित करते हुए कहा कि पहली बार समागम में श्री दरबार साहिब श्री हरमंदिर साहिब अमृतसर के चार हजूरी रागी पहुंच रहे। इलाकावासी व दूर-दराज से इस समागम में आने वाली संगत की मांग पर श्री दरबार साहिब के हजूरी रागी भाई शुभदीप सिंह, भाई अमनदीप सिंह, भाई ओंकार सिंह, भाई कर्मजीत सिंह को आमंत्रित किया गया है। इसके साथ ही हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी के मैंबर एवं प्रसिद्ध कथावाचक भाई साहब सिंह चक्कू भी संगत का मार्गदर्शन करेंगे, जबकि ऐतिहासिक गुरुद्वारा साहिब पातशाही दसवीं पंचकूला के हैड ग्रंथी भाई जगजीत सिंह भी संगत से रूबरू होंगे। हरियाणा कमेटी की धर्म प्रचार विंग के कविशरी जत्था भाई गुरमीत सिंह दनौली, भाई लखविंदर सिंह पारस का ढाडी जत्था भी संगत को गुरु इतिहास से जोड़ेगा।

### दस्तार प्रशिक्षण शिविर लगाया

उधर समागम के दौरान दस्तार प्रशिक्षण शिविर भी शुरू किया गया। शिविर में बच्चों व युवाओं को सुंदर दस्तार सजाने के गुर सिखाए गए। युवा कोच सिमरनजीत सिंह व उसके सहयोगियों ने गुरुद्वारा साहिब आने वाले बच्चों को दस्तार सजाने का प्रशिक्षण देते हुए उन्हें दस्तार के स्टाईल भी बताए। कार्यक्रम के दौरान हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी के उप सचिव एवं गुरुद्वारा साहिब के पूर्व मैनेजर अमरिंदर सिंह, गुरुद्वारा निरीक्षक प्रभारी जज सिंह, गुरुद्वारा साहिब पातशाही पहली व दसवीं कपाल मोचन के मैनेजर हरकीरत सिंह, धर्म प्रचार के सहायक सुपरवाईजर वजिंदर सिंह, गुरलाल सिंह, गुरुद्वारा इंस्पेकटर मनजीत सिंह, साहब सिंह, ऑर्डर कलर्क युद्धवीर सिंह विर्क सहित अन्य स्टाफ ने प्रबंध को लेकर मोर्चा संभाले रखा। इस मौके पर सिख नेता नरेंद्र सिंह गिल, तजिंदर सिंह मक्कड़, मैनेजर हरमीत सिंह, कैशियर सुखविंदर सिंह, हरपाल सिंह, मनदीप सिंह आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### युवक के गले से चेन छीन कर बाइक सवार फरार

**अंबाला।** शहर में युवक के गले से सोने की चेन झपटकर स्नेचर फरार हो गए। वारदात सेक्टर-9 थाना एरिया के अंतर्गत हुई। पानीपत की सुभाष कॉलोनी निवासी देव ने बताया कि वह अंबाला शहर में अपने मामा के घर जागरण में आया था। शनिवार रात 10 बजे मानव चौक से आपने मामा के घर जलबेहड़ा रोड पर जा रहा था। वह अपने मामा सागर के साथ उनकी एक्टिवा पर पीछे बैठा था। एचपी पेट्रोल पंप के पास पीछे से प्लसर बाइक पर 2 युवक आए। दोनों युवकों ने मुंह पर काला कपड़ा ओढ़ा हुआ था। दोनों बदमाश उसके गले से सोने की चेन छीनकर फरार हो गए।

### झूठी सूचना देने वाले पर केस दर्ज

**पानीपत।** पानीपत की वधावाराम कॉलोनी में विजय मलिक ने पुलिस के डॉयल 110 को सात लाख छीनने जाने की झूठी सूचना दी। जब पुलिस मौके पर पहुंची, सूचना देने वाला विजय मलिक और राजकुमार आपस में लड़ाई कर रहे थे। पुलिस ने जब शिकायत देने वाले विजय से पूछताछ की तो उसने कहा कि उसका भाई हाईकोर्ट में जज है, वह उन्हें देख लेगा। पुलिस ने आरोपियों विजय व राजकुमार के खिलाफ सार्वजनिक स्थान पर लड़ने की धारा के तहत केस दर्ज किया है।

### बदमाशों ने नकदी व मोबाइल फोन छीना

**पानीपत।** पानीपत के भौला चौक पर यहीं के निवासी राज कपूर की जेब से बदमाश, मोबाइल फोन व नगदी निकाल कर फरार हो गए। वहीं, मोबाइल फोन के कवर के भीतर उसके सभी जरूरी दस्तावेज भी थे। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### बाबा की तपस्या को 41 दिन हुए

**पानीपत।** दिन के समय 45 डिग्री तापमान के दौरान भीषण गर्मी में समालखा के नारायणा रोड पर एक 65 वर्षीय संत बाबा बरकत गिरी महाराज सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक पांच जलते धूनों के बीच बैठकर तपस्या करते हैं और ऐसा वह पिछले 39 दिनों से कर रहे हैं। बाबा बरकत गिरी की यह पांच धुनी तपस्या पिछले महीने 10 मई को शुरू हुई थी जो 19 जून को सम्पूर्ण होगी, इस दिन सुबह यज्ञ कर भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

### दुकान से चोरों ने हजारों का सामान उड़ाया

**यमुनानगर।** गांव लक्सीबांस निवासी सुभाष चंद्र ने बताया कि उसकी जठलाना में बिहारी चौक के पास दुकान है। वह 14 जून को दुकान से काम खत्म करके घर चला गया था। सुबह जब वह दुकान पर पहुंचा तो दुकान की दीवार टूटी पड़ी थी और अंदर सामान गायब था। जांच करने पर दुकान से वेल्डिंग सेट की लीड, पानी देने वाला पंखा, दो हजार तथा अन्य सामान गायब मिला।

# सफाई कर्मचारी 23 जून को करेंगे धरना-प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन की मीटिंग कर्ण पार्क में हुई, जिसमें करनाल व कुंजपुरा ब्लॉक के कर्मचारी पहुंचे। बैठक की अध्यक्षता जिला प्रधान जोगिंद्र ने की व संचालन राजीव टीकरी ने किया। मीटिंग में बताया गया कि 23 जून को पानीपत में पंचायत मंत्री के खिलाफ प्रदेश स्तरीय धरना प्रदर्शन किया जाएगा। हरियाणा के कोने-कोने से सफाई कर्मचारी अपना विरोध जताने के लिए पहुंचेंगे। करनाल से भी बड़ी संख्या में कर्मचारी अपनी भागीदारी सुनिश्चित करेंगे।

कर्मचारी नेताओं ने कहा कि बीते वर्ष नवंबर में चंडीगढ़ में पंचायत मंत्री व संबंधित उच्चाधिकारियों से वार्ता के दौरान अधिकतर मांगों पर सहमति बन गई थी। खेद की बात है कि सात महीने बीत जाने के बाद भी एक मांग लागू नहीं की गई। सरकार ने ग्रामीण सफाई कर्मचारियों की अनदेखी करने का काम किया है। अपने साथ हुए अन्याय से कर्मचारियों में भारी रोष पनप रहा है।

मुख्य मांगों में ग्रामीण सफाई कर्मचारियों को पक्का करना व समान काम समान वेतन देना शामिल हैं। इस अवसर पर कुंजपुरा ब्लॉक प्रधान कपिल, करनाल ब्लाक से बाबू राम, विनोद, महावीर, फूल सिंह, सुभाष व मामन मौजूद रहे।



ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन के सदस्य कर्ण पार्क में मीटिंग करते।

# गंगा दशहरा पर्व पर श्रद्धालुओं ने यमुना में लगाई आस्था की डुबकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर/रादौर

गंगा दशहरा के पावन पर्व पर नरविवार को यमुना नदी समेत जिले भर के पवित्र सरोवरों में हजारों श्रद्धालुओं ने स्नान कर पूजा अर्चना की। इस अवसर पर यमुना नदी के कई घाटों पर मेले व भंडारों का आयोजन भी किया गया।

■ यमुना नदी पर हुआ मेले का आयोजन

रविवार सुबह होते ही जिले भर के हजारों श्रद्धालु यमुना नदी के लापरा घाट, कमालपुर, कलानौर, जठलाना, गुमथला आदि घाटों पर अपने वाहनों में सवार होकर पहुंचना शुरू हो गए थे। शाम तक यमुना नदी के घाटों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जमा हो गई। इस दौरान कई श्रद्धालुओं ने यमुना नदी के पवित्र घाटों पर भंडारों का आयोजन किया। जबकि कुछ लोगों ने पंडितों को भोजन करवाकर पुण्य कमाया। वहीं, कपाल मोचन के तीर्थ सरोवरों, सरस्वती सरोवर व आदिबद्री में भी श्रद्धालुओं ने स्नान कर पूजा अर्चना की।

गंगा दशहरा पर्व पर खास बात यह रही कि यमुना नदी पर अधिकांश नव-दंपत्तियों ने पहुंचकर स्नान किया और ब्राह्मणों को भोजन करवाया। मान्यता है कि वर्ष भर में परिणय सूत्र में बंधने वाले नवदंपत्तियों को गंगा दशहरा पर्व के मौके पर यमुना नदी पर जाकर ब्राह्मणों को भोजन करवाने से उन्हें संतान सुख मिलता है। यही नहीं ऐसा करने से नव दंपति पर यमुना मां की असीम कृपा बनी रहती है। वहीं, छोटे बच्चों की चोटियां भी मां यमुना नदी के तट पर काटकर पुण्य कमाया गया। रविवार को भी दिन भर आसमान से गर्मी टपकने के बावजूद श्रद्धालुओं की आस्था कम नहीं हुई। श्रद्धालुओं ने दिन भर तपती गर्मी में पवित्र नदी व सरोवरों पर पहुंचकर स्नान कर पूजा अर्चना की।





यमुनानगर में यमुना नदी के घाट पर गंगा दशहरे के अवसर पर स्नान करते श्रद्धालु, यमुनानगर के यमुना नदी घाट पर गंगा दशहरे के अवसर पर मेले में सजी दुकानों से खरीदारी करते श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

### मेलों का हुआ आयोजन

जिले के साथ लगती सीमा से सटी यमुना नदी के करीब 20 किलोमीटर तक के हथनीकुंड बैराज से लेकर गुमथलाराव तक कई स्थानों पर मेलों का आयोजन किया गया। इस दौरान मेले में जहां बच्चों के खिलौनों की अस्थाई दुकानों को आकर्षक रूप से सजाया गया था वहीं, यमुना घाटों पर तरबूज व खरबूजों की जमकर बिक्री हुई।

### सुरक्षा के थे पुख्ता इंतजाम

गंगा दशहरा पर्व के मौके पर यमुना के घाटों पर सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए थे। इस दौरान पुलिस ने मेले में कड़ी सुरक्षा चौकसी बरती। इस बार खास बात यह रही कि यमुना नदी के घाटों पर प्रशासन ने नाव आदि का भी प्रबंध किया। जिसमें सुरक्षा कर्मचारियों व गोताखोरों ने बैठकर नदी में स्नान करने वाले श्रद्धालुओं को सुरक्षा प्रदान की।

यमुना नदी के घाटों पर कई स्थानों पर आस्थावान लोगों द्वारा मेले में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए पीने के पानी की छबीलें लगाई गई। वहीं, गंगा दशहरा पर्व के मौके पर कपाल मोचन के तीनों तीर्थ सरोवरों, आदिबद्री व मुस्तफाबाद स्थित सरस्वती सरस्वती धाम पर भी श्रद्धालुओं ने स्नान कर पुण्य कमाया।

# महिला का एटीएम कार्ड चोरी कर अकाउंट से निकाले 25 हजार रुपये

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

शहर की गोविंदपुरी स्थित पीएनबी के एटीएम बूथ पर अज्ञात व्यक्ति ने गांव खेड़ा फार्म निवासी गीता का एटीएम कार्ड चोरी कर उसके अकाउंट से 25 हजार रुपये निकाल लिए। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार खेड़ा फार्म निवासी गीता ने शहर यमुनानगर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत 19 मई को वह यमुनानगर किसी काम से आई थी। इस दौरान उसे पैसों की जरूरत थी। जब वह गोविंदपुरी स्थित पंजाब नेशनल बैंक के एटीएम बूथ पर एटीएम कार्ड से पैसे निकलवाने के लिए गई तो उसका एटीएम कार्ड नहीं चला। इस दौरान वहां पर एक अन्य व्यक्ति मौजूद था। आरोपी ने उसकी सहायता करने के बहाने उसका एटीएम कार्ड चोरी कर लिया। पैसे न निकालने के बाद वह वहां से घर आ गई। कुछ देर बाद उसके मोबाइल पर उसके अकाउंट से अलग-अलग करके 25 हजार रुपए निकलने का मैसेज आया। यह देखकर उसके पैरों तले से जमीन खिसक गई। उसने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

■ पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ किया धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज

# शादी का झांसा देकर छात्रा को किया अगवा

यमुनानगर। थाना छप्पर क्षेत्र से एक युवक नौंवी कक्षा में पढ़ने वाली छात्रा को शादी का झांसा देकर अगवा करके ले गया। पुलिस ने छात्रा के परिजनों की शिकायत पर आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार थाना छप्पर पुलिस को दी शिकायत में एक गांव निवासी व्यक्ति ने बताया कि वह मेहनत मजदूरी करता है। उसके पास चार लडकियां व दो लडके हैं। उसकी सबसे छोटी लड़की प्राइवेट स्कूल में नौवीं कक्षा में पढ़ती है। स्कूल की छुट्टियां होने के कारण लड़की घर पर ही थी। शनिवार सुबह लड़की बिना बताए कहीं पर चल गई। बेटी के पास जो मोबाइल है वह भी बंद आ रहा है। उसे शक है कि उसकी बेटी को कोत्तरखाना निवासी रोहित कुमार शादी का झांसा देकर बहला फुसला कर भगा ले गया है। उसने बेटी की काफी तलाश की लेकिन उसका कुछ भी पता नहीं चला। पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

■ पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ किया केस दर्ज

# प्रवीण बंसल एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ़ इंडिया के नेशनल चेयरमैन नियुक्त

**करनाल।** एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के नैशनल सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा ने नैशनल टीम का विस्तार करते हुए हिसार के विख्यात समाजसेवी एवं उधमी प्रवीण कुमार बंसल को नैशनल चेयरमैन नियुक्त किया। नैशनल सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा एंव राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पवन शर्मा ने प्रवीण कुमार बंसल को नियुक्ति पत्र सौंपकर पद की गरिमा में रहकर भ्रष्टाचार उन्मूलन जागरूकता के लिए कार्य करने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर प्रवीण कुमार बंसल ने कहा कि वह अपने पद की गरिमा में रहकर भ्रष्टाचार उन्मूलन जागरूकता के लिए कार्य करेंगे और ज्यादा से ज्यादा लोगो को संगठन के उद्देश्यों के साथ जोड़ेंगे।

नरेंद्र अरोड़ा ने कहा की प्रवीण कुमार बंसल फाउंडेशन में पहले नैशनल चीफ पद पर कार्यरत थे और फाउंडेशन में उनके विशेष कार्यों एवं समर्पण भाव को मद्देनजर रखते हुए उन्हें फाउंडेशन के विशेष पद नैशनल चेयरमैन पर सुसज्जित किया गया है।

इस अवसर पर राष्ट्रीय मुख्य निदेशक किरण बंसल, प्रदेश उपाध्यक्ष हरियाणा अनिता जैन, विजय कौशिक आदि उपस्थित रहे।

## धर्मकर्म

### एकादशी के दिन भगवान विष्णु और मां लक्ष्मी की विशेष पूजा-अर्चना की जाती

# कर्मणा से सभी के प्रति मंगल भावना रखते हुए निर्जला एकादशी करने का विशेष महत्व

सभी एकादशियों में श्रेष्ठ महत्व ज्येष्ठ मास के शुक्ल पक्ष की निर्जला एकादशी का है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

श्रीदुर्गा देवी मन्दिर के अध्यक्ष व कॉस्मिक एस्ट्रो पिपली (कुरुक्षेत्र) के निदेशक ज्योतिष व वास्तु आचार्य डॉ. सुरेश मिश्रा ने बताया कि वैदिक शास्त्रों और विद्वानों के अनुसार सनातन धर्म में एकादशी के दिन सृष्टि के पालनहार भगवान विष्णु और मां लक्ष्मी की विशेष पूजा-अर्चना की जाती है। साथ ही जीवन में आध्यत्मिक उन्नति और सुख-शांति, समृद्धि की प्राप्ति के लिए व्रत भी किया जाता है। ज्येष्ठ माह के शुक्ल पक्ष में पड़ने वाली निर्जला एकादशी 18 जून मंगलवार को है। इस व्रत को 'देवव्रत' भी कहा जाता है क्योंकि सभी देवता, दानव, नाग, यक्ष, गन्धर्व, किन्नर, नवग्रह आदि अपनी रक्षा और श्रीविष्णु की कृपा पाने के लिए एकादशी का व्रत करते हैं। सभी एकादशियों में श्रेष्ठ महत्व ज्येष्ठ मास के शुक्ल पक्ष की निर्जला एकादशी का है। इसे निर्जला, पांडव और भीमसेनी एकादशी भी कहते हैं। निर्जला एकादशी को भगवान विष्णु के लिए व्रत रखा जाता है। मान्यता है कि इस एक दिन के व्रत से सम्पूर्ण वर्ष की सभी एकादशियों के बराबर पुण्य फल मिलता है।



डा. सुरेश मिश्रा।

■ इसे निर्जला, पांडव और भीमसेनी एकादशी भी कहते

### भीमसेनी एकादशी क्यों कहते हैं

महाभारत की एक प्रचलित कथा के अनुसार भीम ने एकादशी व्रत के संबंध में वेदव्यास से कहा था मैं एक दिन तो क्या, एक समय भी खाने के बिना नहीं रह सकता हूं, इस कारण से मैं एकादशी व्रत का पुण्य प्राप्त नहीं कर संकूगा। तब वेदव्यास ने ज्येष्ठ मास के शुक्ल पक्ष की निर्जला एकादशी के बारे में बताया। उन्होंने भीम से कहा कि तुम इस एकादशी का व्रत करो। इस एक व्रत से तुम्हें सभी एकादशियों का पुण्य मिल जाएगा। भीम ने इस एकादशी पर व्रत किया था, इसी कारण से इसे भीमसेनी एकादशी कहते हैं।

### इस दिन क्या करें

इस तिथि पर निर्जल रहकर यानी बिना पानी पिए व्रत किया जाता है मनसा वाचा कर्मणा शुभ भावना रखें। इसीलिए इसे निर्जला एकादशी कहा जाता है। व्रत करने वाले भक्त पानी भी नहीं पीते हैं। सुबह-शाम भगवान विष्णु की पूजा करते हैं क अगले दिन द्वादशी तिथि पर पूजा-पाठ और ब्राह्मण को भोजन करवाने के बाद खुद भोजन ग्रहण करते हैं। इस व्रत में बहुत गर्मी के बीच पानी नहीं पीने के कारण कठिन व्रत माना जाता है। इस दिन भगवान विष्णु का मंत्र ₹ॐ नमो भगवते वासुदेवाय ₹ का जाप करना बहुत शुभ होता है। निर्जला एकादशी के दिन भगवान विष्णु को पीले रंग के कपड़े, फल और अन्न अर्पित करना चाहिए। भगवान विष्णु की पूजा के उपरांत इस चीजों को किसी ब्राह्मण को दान देना चाहिए।

# हरियाणा जूनियर रग्बी सेवन लड़कियों की टीम गठित



**पानीपत।** हरियाणा राज्य रग्बी फुटबॉल संघ द्वारा रग्बी सेवन जूनियर लड़कियों की टीम का चयन किया गया। यह टीम राष्ट्रीय जूनियर रग्बी सेवन प्रतियोगिता में भाग लेगी, यह टूर्नामेंट पूर्ण में 19 और 20 जून तक होगी। प्रेमचंद ने बताया की सभी खिलाड़ियों के रहने खाने और प्रैक्टिस की व्यवस्था एसबीएस स्पोर्ट्स एकेडमी और हरियाणा राज्य रग्बी फुटबॉल संघ द्वारा की गई। चुने गए खिलाड़ियों को सचिव नरेंद्र मोर ने संघ की ओर से हरियाणवी हुड स्पॉन्सर्ड किट और स्पॉन्सर्ड जूते वितरित किए तथा टीम को शुभकामनाएं दी। टीम में मुकलान गांव जिला हिसार की विनीता को टीम का कप्तान चुना गया है। तमन्ना, संध्या, मीतू भावना सभी हिसार, ज्योति, किरण देवी सभी फतेहाबादस, मनीषा चरखी दादरी, कुसुम, मीनाक्षी, अंजलि और करिश्मा खिलाडियों का चयन किया गया है। टीम कोच वर्ल्ड रग्बी कॉलीफाइड कोच ज्योति चौधरी, मैनेजर सोनिया साहू रहेंगी तथा वर्ल्ड रग्बी क्वालिफाइड फिजियो अंकेश सिन्हा होंगे।

## खबर संक्षेप



### उपचुनाव को लेकर भाजपा ने की समीक्षा बैठक

**करनाल।** भाजपा कार्यालय कर्ण कमल में हाल ही में सम्पन्न करनाल लोकसभा चुनाव एवं करनाल विधानसभा उपचुनाव को लेकर समीक्षा बैठक हुई जिसमें लोकसभा चुनाव क्लस्टर संयोजक एवं राज्यसभा सांसद कृष्ण लाल पंवार, पूर्व सांसद संजय भाटिया, जिला अध्यक्ष योगेंद्र राणा,जिला अध्यक्ष पानीपत दुष्यंत भट्ट, लोकसभा संयोजक विधायक हरविंदर कल्याण, विधायक राम कुमार कश्यप, पूर्व विधायक रमेश कश्यप, निवर्तमान मेयर रेणु बाला गुप्ता, पूर्व विधायक भगवानदास कबीरपंथी, पूर्व विधायक बक्शीश सिंह, आदि मौजूद रहे।



### दयानंद ने देश-समाज की उन्नति में दिया योगदान

**करनाल।** श्रद्धानंद अनाथालय ट्रस्ट की ओर से श्रद्धानंद अनाथालय में आयोजित किए गए वैदिक श्री रामकथा महोत्सव में हजारों लोगों ने धर्म लाभ उठाया। सात दिवसीय महोत्सव में शहर के साथ-साथ आसपास के क्षेत्रों से भी लोग कथा सुनने के लिए पहुंचे। सातवें दिन कथा की शुरूआत गायत्री मंत्र के उच्चारण के साथ की गई। कथावाचक एवं अंतरराष्ट्रीय वक्ता विदुषि अंजलि ने कहा कि महर्षि दयानंद ने वेद मार्ग पर चलते हुए देश और समाज की उन्नति में योगदान दिया। महर्षि दयानंद के जीवन, आदर्शों और शिक्षाओं का अनुसरण कर सफल जीवन जी सकते हैं। नारी समाज के उत्थान का श्रेय महर्षि को जाता है। महर्षि दयानंद ने जिन उद्देश्यों को लेकर आर्य समाज की स्थापना की थी उनकी पूर्ति के लिए सभी को मिल कर काम करना चाहिए। विदुषि अंजलि ने कहा कि वैदिक श्री राम कथा के संदेश को अपने आचरण और व्यवहार में शामिल करें।

### जीवन में योग अपनाने का दिया संदेश

**घरौंडा।** आर्य समाज घरौंडा और पतंजलि योगपीठ के संयुक्त तत्वाधान में घरौंडा के क्राउन सिटी सेक्टर 9 में आयोजित आठ दिवसीय योग शिविर के सातवें दिन एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में घरौंडा के विधायक हरविंदर कल्याण ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया और योग के महत्व पर अपने विचार साझा किए। योग शिविर का संचालन योगाचार्य डॉक्टर संदीप आर्य और दर्शन कौशिक ने किया, जिन्होंने उपस्थित लोगों को विभिन्न योग, प्राणायाम और व्यायाम का अभ्यास कराया। विधायक हरविंद्र कल्याण ने स्वयं भी प्राणायाम का अभ्यास किया और योग के लाभों पर जोर देते हुए कहा कि योग हमारे जीवन को सकारात्मक दिशा में बदल सकता है। योग न केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए बल्कि मानसिक और आत्मिक शांति के लिए भी महत्वपूर्ण है। योग शिविर के सातवें दिन योग के महत्व को रेखांकित किया व समाज में इसके प्रसार और अभ्यास को भी प्रोत्साहित किया।

## एक ही स्थान पर मिली सभी मशीनरी की जानकारी

# राइस मशीनरी एक्सपो फूड में लोगों की उमड़ी भीड़

**व्यापार एक्सपो का तीन दिवसीय इंटरनेशनल राइस मशीनरी एक्सपो फूड इंडिया का समापन**

हरिभूमि न्यूज ⏭ तरावड़ी

फूड इंडिया एक्सपो-2024 के समापन में पहुंचे आल इडिया राइस एक्सपोर्ट यूनियन के प्रधान सतीश गोयल कहा कि यह एक्सपो के माध्यम से राईस इंडस्ट्री मे नई नई तकनीक का आदान प्रदान होता है। पूरे हरियाणा पंजाब से आये राईस मिल्ज को एक स्थान पर राईस मशीनरी से लेकर पैकिंग तक की मशीनों की जानकारी मिली जोकि एक सराहनीय कदम हैं। इस तरह के आयोजन होते रहने चाहिए। यहां पर नई तकनीक का प्रदर्शन किया गया है। इस मेले मे मुख्य अतिथि के रूप मे पहुंचे यूनियन के अध्यक्ष सतीश गोयल उपप्रधान दविन्द्र सिंगला, सहसचिव रूशिल गुप्ता ने रिबन काटकर तीसरे दिन के मेले के अवसर पर बोल रहे थे। इस अवसर पर यूनियन के पदाधिकारियों कई स्टालों पर मशीनरी जानकारी प्राप्त की। मेला आयोजकों द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। व्यापार एक्स्प्रेस द्वारा ऐतिहासिक चावल निर्माण और निर्यात के लिए प्रसिद्ध नगरी तरावड़ी की अनाज मंडी मे तीन दिवसीय फूड इंडिया एक्सपो के तीसरे दिन हजारों लोग पहुंचे। अतिथियों का स्वागत तिलक राज अरोड़ा ने किया। उन्होंने बताया कि फूड इंडिया एक्सपो मे इंटर नेशनल स्तर पर चावल निर्माण के लिए आधुनिक मशीनरी प्रदर्शित की गई है। शिवम अरोड़ा, उद्योगपति गुरबक्श मनचन्दा ने बताया कि इस प्रदर्शनी मे चावल, फोर्टीफाईड राइस, गेंहू, ग्रेन मिलिंग, क्लीनिंग, शोर्टिंग, पेडी, ड्रायर, स्टोरेज, मेटेरियल हैंडलिंग, प्लांट तथा मशीनरी प्रदर्शित किया गया है। इस अवसर पर प्रदर्शनी में आए लोगों ने भी मशीनों को देखा। यहां पर आई टी तकनीक का प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर सौ से ज्यादा कम्पनियों ने भाग लिया। इस अवसर पर प्रधान नरेश बंसल, नाथी राम गुप्ता, शीशपालगुप्ता, जातिन सिंगला, सचिन गर्ग, प्रदीप गुप्ता, पंकज गोयल, विनोद गोयल सुशील जैन, सुभाष गोयल, अमन गुप्ता, प्रदीप गर्ग, जगमाल गुप्ता आदि पहुंचे।



**तरावड़ी।** रिबन काटकर शुभारंभ करते आल इडिया राईस एक्सपोर्ट यूनियन के प्रधान सतीश गोयल, उपप्रधान दविन्द्र सिंगला व रूशिल गुप्ता, जतिन सिंगला।



**तरावड़ी।** स्टालों पर जानकारी जुटाते हुए व्यापारी। *फोटो: हरिभूमि*

### मॉडर्न एग्रो स्टाल रहा आकर्षण का केंद्र

तीन दिवसीय प्रदर्शनी में माडर्न एग्रो स्टाल आकर्षण का केंद्र रहा। का अपने उत्पादो सें की जानकारी संचालक गुरबख्श मनचंदा ने दी। उन्होंने बताया कि उन्होंने शहद के उत्पादन से अपना काम शुरू किया था। आज उनकी इकाई सरसों का तेल नारियल का तेल मसाले वादाम का तेल के साथ अन्स खाद्या उत्पादों का निर्माण करती हैं। उनके द्वारा बना जाने वाले उत्पादों में क्वालिटी के साथ शुद्धता का अधिक ध्यान रखा जाता ळै। उन्होंने कहा कि वह गुणवत्ता के साथ समझौता नहीं करते हैं। वह कच्ची घानी का तेल, सरसों का तेल के साथ खाने के काम आने वाले नारियल के तेल का उत्पादन करते हैं। देश भर में उनके द्वारा बनाए जाने वाले उत्पादों की पहचान देश भर में शुद्धता के लिए हैं।

# श्रीराम के गुणों को जीवन में करें धारण

- पांच दिवसीय श्री राम कथामृत में साध्वी दिवेशा भारती ने दिया ज्ञान

हरिभूमि न्यूज ⏭ इंद्री

दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा रामलीला ग्राउंड इंद्री में आयोजित पांच दिवसीय श्री राम कथामृत के पहले दिन दिव्य गुरु श्री आशुतोष महाराज जी की शिष्या साध्वी दिवेशा भारती जी ने नारद जी की जीवन गाथा को प्रस्तुत करते हुए बताया कि* नारद जी जब अभिमान के वशीभूत हो जाते हैं तब क्रोध में आकर प्रभु को श्राप दे देते हैं, लेकिन जब अज्ञानता का पर्दा हटता है तब उन्हें पश्चाताप होता है । उन्होने बताया कि जब-जब एक इंसान के भीतर अहंकार, काम, क्रोध बढ़ता है ऐसे में वो मानवीय गुणों को खत्म कर बैठता है, इंसानियत गवा देता है और जब भी एक इंसान की ऐसी स्थिति होती है तब प्रभु एक इंसान को सत्य का मार्ग प्रशस्त कर उसके भीतर व्यक्तित्व का निर्माण करते हैं क्योंकि भगवान जब-जब भी धरा पर आते हैं तो उनका एकमात्र ध्येय होता है जन-जन को परम सत्य का साक्षात्कार करवाना । ब्रह्म ज्ञान के माध्यम से वे व्यक्ति के भीतर स्थित अविनाशी सत्य को प्रकट करते हैं।



**इंद्री।** रामलीला ग्राउंड में चल रही श्री रामकथा को सुनते श्रद्धालु।

# विस चुनाव के लिए तैयारी पूरी

- पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा ने जताया कांग्रेस कार्यकर्ताओं का आभार

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल

हरियाणा के लोकसभा चुनाव नतीजों में कांग्रेस के शानदार प्रदर्शन से उत्साहित और जोश में भरे कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री चौ. भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने विधानसभा चुनाव के लिये मंत्र देते हुए कहा कि अब हरियाणा की बारी है हमारी पूरी तैयारी है। उन्होंने चुनाव में दिन-रात लगकर कड़ी मेहनत करने के लिये कांग्रेस पार्टी के नेताओं, कार्यकर्ताओं का धन्यवाद किया। हुड्डा ने कहा कि इस चुनाव में हरियाणा का चुनाव नतीजा काफी बेहतर रहा है। अभी तो ये शुरुआत है असली लड़ाई तो आगे है। लक्ष्य पूरा होने तक न रुकना है, न झुकना है सिर्फ बढ़ते जाना है। इस दौरान करनाल लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी दिव्यांशु बुद्धिराजा व विधान सभा प्रत्याशी सरदार त्रिलोचन सिंह ने सभी मतदाताओं व कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। नेता प्रतिपक्ष हुड्डा ने आगामी विधानसभा चुनाव के लिए कार्यकर्ताओं को 2 काम करने को कहा पहला - भाजपा सरकार के 10 साल की विफलताओं, झूठे वायदों, झूठे काम, भ्रष्टाचार को घर घर तक पहुंचाना है।





## पुलिस ने किया नशे के खिलाफ जागरूक

**इंद्री।** नशा मुक्त भारत पखवाड़ा के तहत इंद्री पुलिस द्वारा बजाज फॉर्म इंद्री में नशे से बचाव के लिए नशा मुक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम में मुख्य रूप से इंद्री के डीएसपी सुभाष चंद,डीएसपी हेडक्वार्टर नायब सिंह, करनाल सिविल अस्पताल से डॉ मनन गुप्ता व इंद्री थाना प्रभारी श्रीभगवान आदि उपस्थित रहें । कार्यक्रम में इंद्री हलके के गांवों से आए सरपंच, पंच व ग्रामीणों को नशा मुक्ति के बारे मे जागरूक किया गया । इंद्री के डीएसपी सुभाष चंद्र ने कार्यक्रम में कहा कि नशा समाज को खोखला करता जा रहा है इसलिए नशा बेचने व करने वालों की शिकायत तुरंत पुलिस को करें । क्योंकि नशा करने वाला व्यक्ति अपने साथ साथ अपने परिवार को भी तबाह कर देता है । पुलिस द्वारा नशा मुक्त भारत पखवाड़ा के तहत कार्यक्रम आयोजित कर लोगो को नशे खिलाफ जागरूक किया जा रहा है।

# गांवों में निकाली योग जागरण यात्रा

- दसवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ असंध

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर आयुष विभाग व हरियाणा योग आयोग के अधिकारियों , कर्मचारियों व योग सहायकों द्वारा असंध खंड के विभिन्न गांवों में योग जागरण यात्रा निकाल योग के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। इसके साथ-साथ योग को अपने जीवन में अपनाने और इसके असंख्य लाभों व महत्व के बारे में जानकारी दी गई।

जिला आयुर्वैदिक चिकित्सा अधिकारी डॉ. सतपाल के आदेशानुसार व होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी डॉ. समर्थ के मार्गदर्शन में योग जागरण यात्रा गंगाटेहड़ी, अरडाना, बाहरी, चौगामा, खेड़ी सर्फअली, ठरी, शेखुपुरा, मंचूरी व कबुलपुरखेड़ा इत्यादि गांवों में निकाली गई, जिसमें ग्रामीणों को करो योग, रहो निरोग के संदेश के माध्यम से जागरूक किया गया। इस यात्रा में गांवों के सरपंच, पंच, बच्चों व ग्रामीणों ने बढ़ चढक़र भाग लिया। इस दौरान योग सहायक प्रदीप कुमार, हरीश, नरेन्द्र सिंह, रामपाल व अन्नु ने संदेश देते हुए बताया कि प्रतिदिन निरंतर योग करने से हमारे शरीर की आधे से ज्यादा बीमारियां खत्म हो जाती है और शरीर मानसिक व शारीरिक रूप से स्वस्थ रहता है।



# किसान क्रेडिट कार्ड योजना का उठाएं लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल



- उपायुक्त उत्तम सिंह ने की पशुपालकों से अपील

उपायुक्त उत्तम सिंह ने कहा कि किसान पशुधन किसान क्रेडिट कार्ड योजना का ज्यादा से ज्यादा लाभ उठाएं। पशुधन किसान क्रेडिट कार्ड योजना के तहत किसानों को गाय, भैंस, भेड़, बकरी, सूअर, मुर्गी के रखरखाव के लिए तीन लाख रुपए तक का ऋण देने का प्रावधान है ताकि पशुपालकों की आर्थिक स्थिति में सुधार हो सके। छोटे किसानों को पशुपालन व अन्य स्त्रोतों से होने वाली आय को बढ़ाने के उद्देश्य से यह योजना क्रियान्वित की जा रही है। उन्होंने बताया कि पशुधन किसान क्रेडिट कार्ड योजना के तहत किसान अपने पशुओं की देखभाल के लिए होने वाले खर्च हेतु पशुधन किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से ऋण प्राप्त कर सकता है। कोई भी पशुपालक एक लाख 60 हजार रुपए तक की राशि की लिमिट तक का पशुधन किसान क्रेडिट कार्ड बिना कोई जमीन गिरवी रखे व बिना किसी गारंटी के कोलैटरल सुरक्षा बनवा सकता है।

# छह कन्याओं का सामूहिक विवाह करवाया

- नवविवाहित जोड़ों को भेंट के रूप में दिया आवश्यक सामान

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल

मानव सेवा संघ की ओर से रविवार को जरूरतमंद परिवारों की छह कन्याओं का सामुहिक विवाह करवाया गया। नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देने के लिए राजनीतिक, सामाजिक, शैक्षणिक व सामाजिक हस्तियां समारोह में पहुंची। संघ के संचालक स्वामी प्रेममूर्ती की देखरेख में सम्पन्न हुए समारोह में दानी सज्जनों के सहयोग से कन्यादान किया गया और आवश्यक सामान नवविवाहित जोड़ों को भेंट के रूप में दिया। इस मौके पर विधायक हरविंद्र कल्याण व पूर्व मेयर रेणु बाला गुप्ता ने कहा कि आज जिन युवक-युवतियों का विवाह हुआ है वह उनके मंगलमय जीवन की कामना करते हैं। उन्होंने कहा कि कन्यादान सबसे बड़ा दान होता है। मानव सेवा संघ यह कार्य लंबे अर्से से करता आ रहा है। स्वामी प्रेममूर्ती ने बताया कि अब तक 684 कन्याओं का विवाह करवाया जा चुका है। समारोह के दौरान राधा कुमारी का विवाह धर्मबीर, काजल का मोनू, रीना का सुलतान, मीनाक्षी का राहुल कुमार, मनीषा का कालीचरण, रजनी का विवाह राहुल शर्मा के साथ सम्पन्न हुआ।



### जल की सेवा सबसे बड़ी सेवा : सतपाल सचदेवा

**तरावड़ी।** चिलचिलाती गर्मी को देखते हुए श्री राम सेवा मंडल द्वारा आज माता जी के मंदिर करनाली गेट पर मीठे पानी की छबिल लगाई गई। जिसमें श्री राम सेवा मंडल तरावड़ी के सभी सदस्यों ने तपती गर्मी में एकत्रित होकर मीठा व ठंडा जल राहगीरों को रोक-रोक कर पिलाया । श्री राम सेवा मंडल के प्रधान सतपाल सचदेवा व सतीश सरदाना (बिट्टू) ने कहा कि जल की सेवा सबसे बड़ी सेवा है व गर्मी मे जल पिलाना सबसे बड़ा पुण्य का काम है।आज मंडल के सभी सदस्यों ने सेवा के इस कार्य में आहुति डाली जो की काफी सहरानीय है। इस अवसर पर हंसराज पाहुजा, जगदीश सचदेवा,अमर चावला, मनोहर मुंजाल,मुकेश सचदेवा,टोनी पाहुजा, आदि मौजूद रहे।

# श्रद्धालुओं के लिए खाद्य सामग्री रवाना

- गाड़ियों को रवाना करने से पूर्व अनाजमंडी की गई पूजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ घरौंडा

श्री अमरनाथ जी सेवा मण्डल की और से अमरनाथ में श्रद्धालुओं के लिए खाद्य सामग्री की गाड़ियां नई अनाज मंडी से रवाना की गई। नई अनाज मंडी के पूर्व प्रधान सुशील गर्ग ने गाड़ियों को हरी झंडी देकर रवाना किया। मुख्य अतिथि सुशील गर्ग ने कहा कि किसी भी रूप में मानवता की सेवा करनी चाहिए और अमरनाथ सेवा मण्डल हर वर्ष अमरनाथ में भंडारा लगाकर एक सहरानीय कार्य कर रहा है। ऐसे पुण्य कार्य में हर किसी को अपनी भागेदारी निभानी चाहिए। रविवार को नई अनाज मंडी में सामग्री की गड़यिों को रवाना करने से पूर्व पूजा अर्चना की गई बाद में गाड़यिों को रवाना की गई।। मण्डल के प्रधान पवन गुप्ता ने कहा कि श्री अमरनाथ जी सेवा मण्डल हर वर्ष सभी श्रदालुओ के लिए भी हर वर्ष भंडारे की व्यवस्था करनाल की संस्था के साथ करती थी, लेकिन इस वर्ष उनकी संस्था को प्रशासन ने वालटाल में भंडारा लगाने की अनुमति दे दी है। इस इस अवसर पर मंडल के प्रधान पवन गुप्ता, हरीश गाबा, पवन जैन, धर्मेंद्र सिंह, अरविन्द राणा, जसबीर सिंह, अनिल जुनेजा, सतीश जुनेजा आदि लोग मौजूद रहे।



**घरौंडा।** अमरनाथ में भंडारे की गाड़ियों को हरी झंडी देकर रवाना करते मंडी के पूर्व प्रधान सुशील गर्ग। *फोटो: हरिभूमि*

## विधायक हरविंद्र कल्याण ने पौधे वितरित कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

# गंगा दशहरे के उपलक्ष्य में यमुना घाट पर की महाआरती

- कुंडा कला घाट पर दिनभर चला भजन-कीर्तन और भंडारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल

मां यमुना सेवा समिति की ओर से ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि रविवार को गंगा दशहरा पर्व मां यमुना के कुंडा कला घाट पर श्रद्धा एवं धूमधाम से मनाया गया। संत प्रेमपाल सागर के सानिध्य में श्रद्धालुओं ने यमुना स्नान उपरांत हवन-यज्ञ किया। उसके बाद शंखनाद व घंटियों की घनघनाहट के साथ यमुना मैया की प्रातःकालीन महाआरती की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि घरौंडा हलके से विधायक हरविंद्र कल्याण ने श्रद्धालुओं को गंगा दशहरे की बधाई देते हुए पौधे वितरित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि प्रकृति के संरक्षण और मानव के अस्तित्व के लिए पेड़ों का होना अति आवश्यक है। अपने बच्चों की तरह इन पौधों की देखभाल करें। इससे न केवल वर्तमान बल्कि भविष्य भी सुखमय होगा। उन्होंने कोरोना काल का जिक्र करते हुए चेताया कि किस तरह से ऑक्सीजन की वैकल्पिक व्यवस्था करनी पड़ी थी। इसलिए प्रत्येक नागरिक को पर्यावरण की चिंता करनी चाहिए। दिन भर यमुना तट पर अटूट लंगर चलाया गया।



**करनाल।** गंगा दशहरे पर यमुना में आयोजित कार्यक्रम में पौधे वितरित करते विधायक हरविंद्र कल्याण। *फोटो: हरिभूमि*

### कार्यक्रम में ये रहे उपस्थित

पंडित अनूप द्विवेदी व पंडित अरविंद द्विवेदी ने मंत्रोच्चारण कर हवन संपन्न कराया। सरपंच एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष रतन सिंह, महमदपुर गांव के सरपंच महेंद्र सिंह, कुंडा कला के सरपंच शिवकुमार, कुंजपुरा के पूर्व सरपंच महेंद्र फौजी, समाजसेवी संतोष राणा, इंजीनियर रजनीश, शिमला देवी व अन्य श्रद्धालुओं ने हवन में आहुति डाल भारत के विकसित राष्ट्र बनने की कामना की। शिव मंदिर कुंजपुरा कमेटी के प्रधान प्रसिद्ध भजन गायक अश्विनी छाबड़ा ने तेरी यमुना दा मीठा-मीठा पाणी मां टंकियां भर लैण दे... भजन गाया तो श्रद्धालु झूमने पर विवश हो गए। शिक्षक अश्विनी शर्मा, कपिल शर्मा, हरिओम पांचाल, सचिन प्रोचा, तरुण, काजल गहलोत, पंकज की भजन मंडली ने मां यमुना की महिमा का बखान किया। इस मौके पर सेवादार जिम्नास्टिक कोच विजय कश्यप, अंशुल राणा, विक्की सिंह, राजपाल रोजड़ा, दीपांशु गुगलानी, रामेश्वर देव, सुनील धारीवाल, शीशपाल कल्याण व अन्य ने सेवा की।

### भाविप ने लगाया भंडारा

**घरौंडा।** भारत विकास परिषद शाखा घरौंडा की तरफ से नए बस स्टैंड पर जारी जल सेवा 21वे दिन में प्रवेश कर गई और यह निरंतर जारी है और यह आगे भी जारी रहे ,इसका हमारा प्रयास रहेगा! इसी सेवा प्रकल्प के तहत व गंगा दशहरा के उपलक्ष में आज रविवार को एक विशेष भंडारा स्थानीय नए बस स्टैंड पर सुबह गया। इस विशेष दिन पर हमारी शाखा के कई सदस्यों का सहयोग हमें मिला है, उनका हम बहुत-बहुत धन्यवाद करते हैं और आगे भी आप सब के सहयोग की अपेक्षा रहेगी! आप सब साथियों के साथ ही यह कार्यक्रम संपूर्ण हो रहा है ।

# कैमला में लोगों को नशे के प्रति किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ घरौंडा

जिला पुलिस द्वारा चलाए जा रहे नशा मुक्ति भारत पखवाड़े के अंतर्गत आज पुलिस विभाग द्वारा स्वास्थ्य अधिकारियों के साथ मिलकर गांव कैमला में लोगों को नशे के दुरुपयोग के बारे में जागरूक किया गया। गांव में पहुंचने पर ग्रामीणों ने डीएसपी मनोज कुमार का फूल माला व पगड़ी पहनाकर सम्मान किया। जागरूकता अभियान में ग्रामीणों को नशे की बुराइयों के बारे में जागरूक करते हुए डीएसपी घरौंडा मनोज कुमार ने बताया कि आज नशा शहरों से लेकर ग्रामीण इलाकों तक बड़ी तेजी से फैल रहा है विशेष कर युवा इसकी लत में जकड़ते चले जा रहे हैं पहले नशा बीड़ी सिगरेट या शराब तक ही सीमित था लेकिन अब जिस प्रकार से अनेक प्रकार के सूखे या इंजेक्शन के नशे विशेष कर युवा वर्ग कर रहा है वह कहीं ना कहीं आने वाली पीढियां के लिए खतरनाक है। नशा न सिर्फ मनुष्य के शरीर को खत्म करता है बल्कि उसके परिवार के साथ-साथ व्यक्ति की इज्जत मान सम्मान बिल्कुल खत्म कर देता है। उन्होंने कहा कि प्रशासन नशे के बारे में लोगों को समय-समय पर जागरूक करता आया है और अब तो सरकार के दिशा निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग भी नशे कोई लत को छुड़वाने के लिए अनेक प्रकार के प्रयास कर रहा है।

## खबर संक्षेप

### मेडिकल कैंप में आंखें जांची

**पानीपत।** श्रीराम सेवा दल द्वारा संचालित राजन चावला मेमोरियल डिस्पेंसरी स्थित श्री राम धर्मशाला बरसत रोड नूरवाला में अर्पणा अस्पताल मधुबन, करनाल के अनुभवी नेत्र रोग विशेषज्ञ डा.स्तुति गर्ग व उनकी टीम के साथ नेत्र जांच शिविर लगाया गया। शिविर में 55 व्यक्तियों की आंखों की जांच की गई। वहीं, शिशु रोग विशेषज्ञ डा.दिनेश वशिष्ठ ने भी अपनी सेवाएं दी। इस अवसर पर श्री राम सेवा दल के प्रधान हरबंस आनंद, राम स्वरूप चावला, सुंदर लाल वधवा, तिलक राज छोकरा, राकेश आनंद, राजन छोकरा, श्याम लाल ग्रोवर, नरेश आनंद, सुभाष ईशपुनानी, सुमित वधवा व नरेश आनंद आदि मौजूद रहे।

### सुभाष त्यागी बने मंडलाध्यक्ष

**पानीपत।** भाजपा अध्यक्ष दुष्यन्त भट्ट ने बताया कि सुभाष त्यागी को सनौली क्षेत्र का मंडल अध्यक्ष एवं दिनेश रावल को महामंत्री नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार भाजपा जिला संगठन में एडवोकेट अजीत दहिया, राजेश अलूपुर, सोनू गुज्जर, विशाल गोस्वामी, रामेश्वर चौहान, ईश कुमार राणा, दिवाकर मेहता, रविंद्र कश्यप, नरेंद्र रोड़ मोटा को भी जिला कार्यकारिणी में सदस्य बनाया गया है।

### लाखों भक्तों ने बाबा के दर्शन किए

**पानीपत।** देश भर में श्री श्याम बाबा के नाम से प्रसिद्ध हो चुके चुलकाना धाम पर गंगा दशहरे पर लाखों भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। पूरे भारतवर्ष से दर्शन करने के लिए पहुंचे भक्तों के लिए भीषण गर्मी को देखते हुए जगह जगह मिठ्ठे पानी की छबील लगाई गई। श्री श्याम रसोई चुलकाना धाम और शिव मंदिर सेवा दल माजरी की संस्था मंदिर के पास पिछले काफी वर्षो से यहां पानी की छबील लगा रही है। इस अवसर पर समाजसेवी सोनू शर्मा छदिया, नीरू माजरी, कमल, अनिल, बंटी, रविन्द्र, सोना माजरी, बिल्लू, सोनू, साहिल, सुनील, जोनी, नवीन, विक्की, दीपक, अनिल, राजू पट्टी कल्याणा आदि ने की।

### फ्लाइंग क्लब के सचिव बने केशव

**पानीपत।** फ्लाइंग क्लब ट्रस्ट के सदस्यों ने सर्वस्मीति से सचिव पद के लिए केशव गंगवानी को कार्यभार सौंप दिया है। बता दें कि केशव पर्यावरण के प्रति बहुत लगाव रखते हैं। फ्लाइंग क्लब 19 जंगल बना चुका है। इसी श्रृंखला को आगे बढ़ाते हुए इनका लक्ष्य हर साल 10 जंगल बनाने का है। इस अवसर पर प्रेसिडेंट नितिन अरोड़ा,सरपरस्त रवि अरोड़ा, कैशियर विकास गुलाटी, इशु गोयल, राजेश, कैलाश व आलोक चानना आदि मौजूद रहे।

### पुलिस ने दो ठगों को पकड़ा

**पानीपत।** पानीपत थाना साइबर क्राइम पुलिस टीम ने बंद पड़ी बीमा पॉलिसी के पैसे दिलवाने के नाम पर ऑनलाइन ठगी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए गिरोह के दो आरोपियों को दिल्ली से गिरफ्तार करने में बड़ी कामयाबी हासिल की। आरोपियों की पहचान राहुल निवासी पांडव नगर व सुरेश निवासी संजय कॉलोनी गोकुलपुर नई दिल्ली के रूप में हुई। आरोपियों के कब्जे से 17 मोबाइल फोन, 32 सिम कार्ड, 18 वोटर कार्ड, 19 चैक बुक, 20 एटीएम कार्ड, 38 आधार कार्ड, 16 पेन कार्ड व 21 हजार रुपये बरामद किये गए। आरोपियों ने पानीपत में 67 लाख रुपये की ठगी की थी।

### समर कैंप से निखर रही है बाल प्रतिभा

**पानीपत।** पानीपत बाल भवन में चल रहे ग्रीष्मकालीन शिविर के तीसरे दिन प्रतिभागी बच्चों की संख्या में इजाफा देखने को मिला। तीसरे दिन समर कैंप में ढाई सौ की संख्या में बच्चे पहुंचे। जिला बाल कल्याण अधिकारी रितु राठी ने बताया कि इस मुहिम का मकसद ही गरीब असहाय सलम एरिया के बच्चों को मुख्य धारा के साथ जोड़ना है। वही, स्लम एरिया के ज्यादातर बच्चे कूड़ा बिनते थे लेकिन अब वही बच्चे समर कैंप में आकर समाज की मुख्य धारा से जुड़ चुके हैं।

## अंतरराष्ट्रीय जाट संसद ने महिला विंग का गठन किया

# सदियों से देश, समाज, मानवता की सेवा कर रही है जाट बिरादरी

### देश भर में जाट बिरादरी को एकजुट किया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पानीपत



**पानीपत।** अंतर्राष्ट्रीय जाट संसद के पदाधिकारियों को सम्मानित करते हुए डॉ नवीन नैन भालसी। फोटो :हरिभूमि

अंतरराष्ट्रीय जाट संसद के नवनियुक्त राष्ट्रीय व राज्य कार्यकारिणी को गठित करते अंतरराष्ट्रीय जाट संसद के प्रदेश अध्यक्ष हरियाणा डॉ. नवीन नैन भालसी व राष्ट्रीय अध्यक्ष रामावतार पलसानिया व वरिष्ठ समाजसेवी चौधरी प्रेम सिंह भालसी व पूरी टीम द्वारा स्वागत अभिनंदन किया गया। वहीं, डॉ. नवीन नैन भालसी ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय जाट संसद ने सोनिया देशवाल को महिला विंग की राष्ट्रीय अध्यक्ष, अन्चला देवी को महिला विंग की राष्ट्रीय प्रतिनिधि, प्रिया तोमर को गुजरात प्रदेश की महिला अध्यक्ष, नीलम चौधरी को गुजरात प्रदेश की महिला प्रतिनिधि व डॉ. रामनिवास चौधरी को राजस्थान प्रदेश का अध्यक्ष व इन्दराज पलसानियां को राज्यस्थान प्रदेश का प्रदेश प्रतिनिधि बनाकर व लदंके बोरो काऊंसलर रोहित अहलावत का पूरी टीम अंतरराष्ट्रीय जाट संसद द्वारा सम्मानित किया गया। इधर, अंतर्राष्ट्रीय जाट संसद के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामावतार पलसानिया ने बताया कि जाट समाज को राजनीति रूप से मजबूत किया जाएगा। जबकि डॉ. नवीन नैन भालसी ने बताया कि युवा जाटों को आगे बढ़ने का हर अवसर संगठन की ओर से प्रदान किया जाएगा। अंतरराष्ट्रीय जाट संसद की महिला राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया देशवाल ने बताया कि संगठन का देश ही नहीं विदेशों में भी विस्तार किया जाएगा। इस अवसर पर लंदन से बोरो काऊंसलर रोहित अहलावत, अंतर्राष्ट्रीय जाट संसद उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष मनु चौधरी दांतल, राजस्थान के प्रतिनिधि इन्दराज सिंह पलसानिया, हरियाणा के प्रदेश प्रतिनिधि सुरेश सिरोही, भवानी सिंह किरमारा, यूपी प्रतिनिधि अंकित बालियान, साईकिलिस्ट स्वीटी मलिक, पानीपत अध्यक्ष प्रवीन जागलान, रामकिशन राठी, महाबीर सिह दुहन, रामभगत रूहल, मास्टर सुरजीत सिंह मलिक, धर्मबीर धनखड गन्नौर, विरेंद्र देशवाल, मनोज मलिक उग्रवाखेडी, बलवान मलिक सींक आदि उपस्थित रहे।


**पानीपत।** आईसीएआई की पानीपत शाखा के कार्यक्रम का दीप जला का शुभारंभ करते हुए अतिथिगण। फोटो :हरिभूमि

## चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ने जानी कंपनी के मर्जर व पुनर्गठन की प्रक्रिया

**पानीपत।** द इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया की उत्तरीय भारतीय क्षेत्रीय परिषद की पानीपत शाखा द्वारा प्रधान सीए जगदीश धमीजा की अध्यक्षता में मर्जर और एमाल्गामेशन के माध्यम से कंपनी पुनर्गठन व इनकम टैक्स फॉर्म में हुए बदलाव विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। सीए जगदीश धमीजा ने बताया कि 31 जुलाई तक पर्सनल रिटर्न को भरना जरूरी है और इस साल इनकम टैक्स फॉर्म में कुछ बदलाव हुए है जिनकी अनदेखी करने पर इनकम टैक्स में आपका रिफंड रुक सकता है या फिर डिमांड भी आ सकती है। इसलिए सभी व्यक्ति इनकम टैक्स रिटर्न भरते समय चार्टर्ड अकाउंटेंट्स की सलाह अवश्य लें। मुख्य वक्ता के तौर पर इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स की उतरी भारतीय क्षेत्रीय परिषद के पदाधिकारी सीए विजय कुमार गुप्ता और सीए संगम कुमार अग्रवाल ने शिरकत की। सीए विजय कुमार गुप्ता ने सभी उपस्थित मेंबर्स को कंपनी अधिनियम के तहत विभिन्न मुद्दों पर जानकारी दी और मर्जर और एमाल्गामेशन के तहत कंपनी के पुनर्गठन की प्रक्रिया को भी सभी के साथ सांझा किया। दूसरे मुख्य वक्ता सीए संगम कुमार अग्रवाल ने इस साल इनकम टैक्स की रिटर्न भरते समय फॉर्म में हुए बदलाव को लेकर बहुत ही महत्वपूर्ण जानकारी दी। मंच का संचालन सीए भूपेंद्र दीक्षित ने किया। इस मौके पर ब्रांच के उपप्रधान सीए सोनू गोयल ने सभी उपस्थित मेंबर्स का धन्यवाद किया। ब्रांच के कोषाध्यक्ष सीए रविंद्र सिंह ने आए हुए सभी मेहमानों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।



### दादा नगर खेड़ा का पूजन कर छबील व भंडारा किया

**पानीपत।** समालखा के कलीरामना पान्ना स्थित नगर दादा खेड़ा पर भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें भंडारा से पहले दादा नगर खेड़े की पूजा अर्चना की गई। पूजा अर्चना के बाद आयोजन समिति द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। प्रमुख समाज सेवी राजकुमार कलीरामना ने बताया कि कालीरामना मोहल्ला में नगर दादा खेड़ा पर जीर्णोद्वार के अवसर पर सभी के सहयोग से हवन भंडारा एवं मीठे पानी की छबील लगाई गई। उन्होंने बताया कि हर वर्ष ऐसे ही गांव वासियों के सहयोग से भंडारे का आयोजन किया जाता है। इस अवसर पर विकास पटवारी, पवन कालीरामना, केवल सिंह, जोगिंदर, ईश्वर सिंह आनंद गिल, साहब सिंह, मनोज, सुनील, सुरेंदर, कपिल, कंवरभान आदि मौजूद थे।

## गन्नौर रॉयल्स ने जीता डीआर कापोर्रेट क्रिकेट टूर्नामेंट

- विकास गाहल्याण को मैन आफ द मैच चुना गया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पानीपत


**पानीपत।** डीआर कापोर्रेट 20-20 क्रिकेट टूर्नामेंट विजेता टीम अतिथियों के साथ।

डीआर इंटरनेशनल स्कूल मैदान गांव काकोदा, पानीपत में चौथा डीआर कापोर्रेट 20-20 क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच गन्नौर रॉयल्स और गढ़ी केसरी क्रिकेट क्लब के मध्य खेला गया। फाइनल मैच में गन्नौर रॉयल्स टीम 90 रन से विजयी रही। गन्नौर रॉयल्स टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए विकास गाहल्याण के नाबाद 57 व नीलेश के 45 रनों की मदद से 20 ओवर में 180 रन बनाए। गढ़ी केसरी टीम के गेंदबाज लाला ने 5 विकेट लिये, लक्ष्य का पीछा करते हुए गढ़ी केसरी क्रिकेट टीम 11.4 ओवर में 90 रन बनाकर आल आउट हो गई। गन्नौर रॉयल्स के लिये विकास गाहल्याण ने 4 व अंकुश ने 3 विकेट लिये, विकास गाहल्याण को मैन आफ द मैच चुना गया, टूर्नामेंट में अजित मलिक उर्फ टोनी ने सर्वाधिक 136 व नीलेश ने 130 रन बनाये, अंकुश ने सर्वाधिक 11 व लाला ने 10 विकेट लिये तथा अपने शानदार ऑलराउंडर प्रदर्शन (136 रन व 7 विकेट) से अजित मलिक मैन आफ द सीरीज बने। जबकि विजेताओं को मुख्य अतिथि गांव बुआना लाखू के समाजसेवी मंजीत मलिक व अति विशिष्ट अतिथि गुरूकुल दर्पण 60 कोचिंग सेंटर के चेयरमैन पवन लठवाल ने विजेता व उपविजेता टीम को ट्राफी प्रदान की। इस अवसर पर नवीन उर्फ नीना प्रधान, राजेश कोच, दीपक मलिक वकील, कृष्ण लठवाल, अमित, सुमित खोखर, जयबीर खोखर आदि मौजूद रहे।

### घर से नगदी व जेवर चोरी

**पानीपत।** समालखा कस्बे में चोरों ने घर से नगदी व जेवर चोरी कर लिए। इधर, समालखा थाना पुलिस को दी शिकायत में नरेंद्र शर्मा ने बताया कि 12 जून को वह अपना मकान लॉक कर परिवार के साथ उज्जैन महाकाल दर्शन करने गया था। 15 जून को घर लौटा तो चोरी का पता चला।

चोर उनके घर से 88 हजार रूपये की नगदी व चार तोले सोने के दो हार, आधा तोला वजनी दूसरी चेन, आधा तोला वजनी नथ, आधा तोला टिका, दो अंगुठियां, झुमकी, बालियां शामिल थे। इसके अलावा चांदी के जेवर, 1 तगड़ी गुच्छे 2 सेट, 2 जोड़ी पायजेब भी चोरी कर ले गए। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## योग से असाध्य रोग भी ठीक हो जाते हैं: सागर

- आर्ट ऑफ लिविंग के योगधारा अभियान का तीन दिवसीय योगा कैंप संपंन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पानीपत


**पानीपत।** आर्ट ऑफ लिविंग के योगधारा अभियान के कैंप में योगासन करते नागरिक।

आर्ट ऑफ लिविंग पानीपत द्वारा योगधारा अभियान के तहत तीन दिवसीय योगा कैंप का आयोजन हुआ। यह कैंप बाबा बंदा बहादुर गुरुद्वारा साहिब के सामने हरनाम सिंह पार्क में आर्ट ऑफ लिविंग संस्था द्वारा करवाया गया। इस शिवर के आयोजन में आर्ट ऑफ लिविंग स्टेट मीडिया कोऑर्डिनेटर कुसुम धीमान, भावना चंद्र प्रकाश जुनेजा, राकेश, टाला राम, निशा आदि का योगदान रहा। इस योग कैंप को आर्ट ऑफ लिविंग के योग शिक्षक सागर तागरा द्वारा करवाया गया। इस शिवर में लगभग 60 प्रतिभागियों ने भाग लिया। शिविर के दौरान योग शिक्षक सागर तागरा ने कहा कि यदि हम नियमित रूप से सुबह हर रोज एक घंटा योग करेंगे तो असाध्य रोगों से भी मुक्ति पा सकते हैं। योग प्राचीन भारतीय जीवन पद्धति है। योग के जरिए न सिर्फ बीमारियों का निदान किया जा सकता है, बल्कि इसे अपनाकर कई शारीरिक और मानसिक तकलीफों को दूर रखा जा सकता है, इसके इलावा एकाग्रता में सुधार मन और विचार नियंत्रण में मदद करता है चिंता, तनाव और अवसाद पर काबू पाने के साथ साथ मन शांत रखता है तनाव कम करने में मदद करता है। ऑटो लिविंग पानीपत परिवार ने योगधारा के नाम से यह अभियान चला रखा है, इस दौरान शहर के विभिन्न पार्क व सामुदायिक केंदों में निशुल्क योग शिवर लगने जा रहे हैं, कोई भी व्यक्ति इन योग शिविरों में आकर स्वास्थ्य लाभ ले सकता है।

### श्रीराम दशहरा कमेटी की बैठक हुई

**पानीपत।** दशहरा कमेटी के कार्यकारिणी के सदस्यों की बैठक प्रधान भीम सचदेवा के कार्यालय में आयोजित हुई। वहीं, बैठक में संस्था के दिवंगत हुए वरिष्ठ उपप्रधान जुगल आहूजा को भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। जबकि संभावित कार्यक्रमों के लिए हरबंस आनंद के नेतृत्व में पांच सदस्यों की कमेटी बनाई गई। बैठक में सुभाष गुलाटी, प्रवक्ता भूषण मदान, राधेश्याम नासा, रमेश सतजी, हरीश अरोडा, सुनील थम्मन, सुनील चोपडा, सतीश सुखीजा, राजिंद्र ग्रोवर, दिनेश खुराना, चंदर आर्य, सोमनाथ मदान, लाजपत मल्होत्रा, जय भगवान ग्रोवर, यश माटा, राजकुमार जैन, विपिन बजाज आदि उपस्थित रहे।

## एनएसई के भव्य कार्यक्रम में हर वर्ग ने भाग लिया

- भारत मंडपम, नई दिल्ली में सोशल स्टॉक एक्सचेंज पर दूसरा बड़ा कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पानीपत

स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया (एनएसई) ने भारत मंडपम, नई दिल्ली में सोशल स्टॉक एक्सचेंज पर अपना दूसरा बड़ा कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किया। इस कार्यक्रम में वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों, सेबी और एनएसई प्रतिनिधियों, सामाजिक उद्यमों, प्रभावशाली निवेशकों और विभिन्न गैर-लाभकारी संगठनों (एनपीओ) सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। वहीं, कार्यक्रम में तरुण कपूर, प्रधान मंत्री के सलाहकार डॉ. आर बालासुब्रमण्यम, सलाहकार समिति के अध्यक्ष, सोशल स्टॉक एक्सचेंज, सेबी कमलेश चंद्र वार्ष्णेय, पूर्णकालिक सदस्य, सेबी वेद मणि तिवारी, सीईओ, एनएसडीसी अजय यादव, आईएएस, संयुक्त सचिव, नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय, भारत सरकार सुश्री लीना कुमार, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार और श्रीराम कृष्णन, चीफ बिजनेस डवलपमेंट ऑफिसर (सीबीडीओ) ने इस अवसर पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

## भगवान वाल्मीकि करुणा के सागर : डॉ. रजनीकांत

### कुवि में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का समापन



हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र

हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी व कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के डॉ भीम राव अम्बेडकर अध्ययन केंद्र, के संयुक्त तत्वाधान में महर्षि वाल्मीकि उनकी कथा और वाल्मीकि समाज विषय पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का समापन रविवार को हुआ जिसमें मुख्यतिथि के रूप में हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के रसायन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. रजनीकांत शर्मा रहे, कार्यक्रम के अध्यक्ष हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी के कार्यकारी अध्यक्ष प्रो कुलदीप चन्द अग्निहोत्री और विशिष्ट अतिथि हरियाणा साहित्य एवं संस्कृत अकादमी के संस्कृत प्रकोष्ठ के निदेशक डॉ. चितरंजन दयाल सिंह कौशल रहे, मनोज कुमार द्वारा उपस्थित गणमान्य अतिथियों का स्वागत व अभिनंदन किया। इस अवसर पर मुख्यातिथि डॉ. रजनीकांत शर्मा ने कहा कि भगवान वाल्मीकि का व्यक्तित्व बहुत ऊंचा है उसके बारे में जितनी चर्चा की जाए उतनी कम पड़ती है भगवान राम के जीवन को लेकर अनेक टिकाए लिखी गई हैं किंतु प्रमाणिक वाल्मिकी जी की रामायण है, वाल्मिकी रामायण में करुणा का भाव समाहित है इसलिए वाल्मिकी जी को करुणा का सागर कहा जाता है। कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ कुलदीप चन्द अग्निहोत्री ने कहा कि भगवान वाल्मीकि ने हमे धर्म का रास्ता दिखाया किंतु क्या हम उस रास्ते को देख सकते है।

### ट्रक चालकों को जागरूक किया

**पानीपत।** पानीपत पुलिस ने नशे मुक्त भारत पखवाड़ा के तहत उप पुलिस अधीक्षक सतीश कुमार गौतम ने थाना सदर प्रभारी इंस्पेक्टर राकेश को साथ लेकर रिफाइनरी में ट्रक ड्राइवरों को नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी देकर जागरूक किया। वहीं ट्रक चालकों ने भी नशे की तल से दूर रहने की बात कही है। पुलिस ने ट्रक चालकों से अपील की कि वे नशे का कारोबार करने वालों की सूचना पुलिस को दें।

## गरीब परिवारों के घरों का निरीक्षण किया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पानीपत

कांग्रेस नेता संदीप भारद्वाज खलीला ने सेवा ही धर्म टीम के साथ मिल कर पानीपत ग्रामीण की कॉलोनियों में जाकर गरीब परिवारों के घरों का निरीक्षण किया। जिसके बाद उन्होंने गरीबों के वास्तिव दयनीय हालत के बारे में मीडिया को बताया। उन्होंने बताया की भारत के सभी बेघर नागरिकों को केंद्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत घर देने की घोषणा की गई थी। वहीं पात्रों को इस योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। प्रदेश सरकार के पास इस योजना के तहत वास्ताविक लाभ पाने योग्य परिवारों का आंकड़ा तक नहीं।

## सम्मान समारोह का आयोजन

**पानीपत।** समालखा के गांव डिकाडला में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता सरपंच सुनील कुमार व पूर्व चेयरमैन बिजेन्द्र डिकाडला और पूर्व सरपंच अजीत ने संयुक्त रूप से की। इस मौके पर पूर्व सरपंच अमजद मजीदी, सुनील फौर, राशिद अधमी, पूर्व सरपंच रतन सिंह, पूर्व सरपंच सुरेश, सरपंच वजीर, सरपंच बलिंद्र नंगला, भूपेंद्र, पूर्व सरपंच कुल्ला, पूर्व सरपंच बिंदा, पूर्व सरपंच राजेंद्र शिमला, रविन्द्र ताहरपुर, सरपंच मुरारी, प्रवीन, पूर्व सरपंच सुभाष, सरपंच संजू त्यागी, कृष्ण तामशाबाद, बलवान, दीपक दूहन, नरेश शर्मा, सीता, राजू रावल आदि उपस्थित रहे।

### यमुना पुल पर मेले में भंडारे व मीठे पानी की छबीलों का आयोजन किया

# ज्येष्ठ माह के गंगा दशहरे पर श्रद्धालुओं ने यमुना में स्नान किया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पानीपत


पानीपत में यमुना नदी पर गंगा दशहरा पर्व पर प्रसाद ग्रहण करते हुए श्रद्धालु। फोटो :हरिभूमि

ज्येष्ठ माह की दशमी के दिन गंगा दशहरे के शुभ अवसर पर यमुना नदी में हजारों श्रद्धालुओं ने स्नान किया। जबकि यमुना पुल पर मेले में भंडारे व मीठे पानी की छबीलों का भी आयोजन किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने यमुना नदी में स्नान कर पूजा अर्चना कर सुख शांति की कामना करते हुए सामर्थ के अनुसार दानपुण्य किया। इधर, श्रद्धालुओं ने यमुना की रेती के तरबूज व खरबुजो का भी पूरा आनंद उठाया। और बच्चो ने झूलो मे झूलकर यमुना नदी पर नहाने के बाद जमकर आनंद लिया। यह सिलसिला पूरा दिन चलता रहा। सनौली खुर्द निवासी मास्टर सतनारायण शास्त्री ने बताया ज्येष्ठ माह की दशमी को गंगा का पृथ्वी पर अवतरण हुआ था, इसके चलते इस दिन को गंगा दशहरा कहा जाता है। वहीं, गंगा दशहरे के स्नान का विशेष महत्व है। इस दिन यमुना नदी में स्नान करने के बाद दान करने से बहुत बडे पुण्य की प्राप्ति होती है और और भगवान की विशेष कृपा रहती है। इस दिन नदियों में स्नान करने से पापों का नाश होता है और पुण्य की प्राप्ति होती है। दूसरी ओर, ज्येष्ट माह की दशमी के दिन गंगा दशहरे के शुभ अवसर पर यमुना नदी में स्नान करने वाले श्रद्धालुओं का पूरा दिन जमावड़ा लगा रहा, इसके चलते हरिद्वार हाईवे पर यातायाज जाम जैसे हालत बन गए। पानीपत व यूपी की शामली पुलिस ने संयुक्त रूप से प्रयास कर यातायात को सुचारू करवाया।

## खबर संक्षेप

### धोखाधड़ी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना नग्गल में दर्ज पेट्रोल/डीजल भरवाने की धोखाधड़ी करने के मामले में पुलिस ने आरोपी परमवीर को प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार किया है। शिकायतकर्ता गुरचरण सिंह ने 17 दिसंबर 2023 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 10 दिसंबर 2023 को नन्यौला में नामपता ना मालूम दो नौजवान लडकों ने पेट्रोल/डीजल कैनियों में व गाडी में भरवाकर मौके से भागने व पैसे न देने की धोखाधड़ी करने का अपराधिक कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### कबूतरबाजी के मामले में शामिल जांच

**अंबाला।** थाना नारायणगढ में दर्ज कबूतरबाजी के मामले में पुलिस ने आरोपी राजेश कुमार उर्फ कैमरी को शामिल जांच किया है। गांव सैन माजरा के गुरप्रीत सिंह ने 15 अप्रैल 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 17 जूलाई 2023 से 21 दिसम्बर 2023 के दौरान आरोपी राजेश कुमार उर्फ कैमरी व अन्य ने उसको विदेश भेजने के मामले में उससे एक बड़ी रकम हड़पने की धोखाधडी करने का अपराधिक कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### धमकी देने के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना पंजोखरा में दर्ज दुर्व्यहार कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने आरोपी आत्मा राम को गिरफ्तार किया है। पीड़ति महिला ने 30 दिसंबर 2023 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी आत्मा राम व अन्य ने उसके प्लाट पर कब्जा करके उसके साथ दुर्व्यवहार करते हुए जान से मारने की धमकी देने का अपराधिक कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### दुर्घटना में हुई मौत के मामले में गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना पड़ाव क्षेत्र में सड़क दुर्घटना में हुई मौत के मामले में पुलिस ने आरोपी बलदेव सिंह को गिरफ्तार किया है। पटियाला के बछीतर सिंह ने 14 जून 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 13 जून 2024 को नेशनल हाईवे-44 के पास आरोपी वाहन चालक ने लापरवाही व तेज गति से वाहन चलाते हुए उसके भांजे के वाहन में टक्कर मार दी थी। हादसे में उसके भांजे की मौत हो गई पुलिस वाहन चालक के खिलाफ लापरवाही का क दर्ज किया था।

### भीषण गर्मी में पानी की खपत बढ़ने से बिगड़े हालात

# गर्मियों में उत्पन्न हुई पीने के पानी की समस्या , बूस्टर लगाए जाने की मांग

### अधिकारी बोले, जल्द होगा समस्या का समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

गर्मी के दिनों में कस्बे में पानी की खपत दोगुनी हो गई है। जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा घरेलू नल कनेक्शन में पानी की पर्याप्त सप्लाई के भरपूर प्रयास नाकाफी हो रहे हैं। कस्बे के 15 वार्डों में कहीं जल सप्लाई ठीक है तो कहीं गड़बड़ाई हुई है। यहां के लोगों ने ने जन स्वास्थ्य विभाग से पीने के पानी के प्रेशर को तेज करने और गर्मियों में भी समय पर घर-घर पानी उपलब्ध करवाने के लिए कस्बा के अलग-अलग जगह पर बूस्टर पंप लगाए जाने की मांग की है। गौरतलब है कि कस्बे के हरि मंदिर मोहल्ले सहित कस्बा के अन्य एरिया में इस भीषण गर्मी में पीने के पानी की किल्लत है। मोहल्ले के लोगों ने विभाग के अधिकारियों से इस समस्या के समाधान की मांग कर चुके हैं लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ। जबकि कई लोग इस समस्या की विभाग को ऑनलाइन शिकायत भी भेज चुके हैं। विभाग के जेई दीपक चौहान के अनुसार विभाग के कर्मचारी पानी की कमी को पूरा करने के लिए दिन-रात लगे हुए है। चौहान के अनुसार गर्मी के चलते जलस्तर नीचे चला जाता है और गर्मी के दिनों में पानी की खपत लगभग दोगुना हो जाती है। इसके कारण गर्मियों में पीने के पानी की समस्या आती है। पीने की पानी की समस्या को दूर करने के लिए उन्होंने विभाग से विभिन्न स्थानों पर बूस्टर लगाने के लिए प्रपोजल बनाकर भेजे हैं यदि बूस्टर लगाने के प्रपोजल मंजूर हो जाते हैं तो कस्बा में पीने के पानी की दिक्कत लगभग समाप्त हो जाएगी। विभाग दिन-रात प्रयासरत है कि लोगों को साफ सुथरा और स्वच्छ पानी प्रेशर के साथ मुहैया करवा जा सके। उन्होंने कहा कि पूरे कस्बा में 5 बूस्टर पंप उन एरिया में लगाए जाने के प्रपोजल भेजे गए हैं जहां पर पानी का प्रेशर कम है। बूस्टर पंप लगने से जहां पानी का प्रेशर बढ़ जाएगा और पीने के पानी को पहुंचाने में आसानी होगी। जबकि बूस्टर पंप लगने से गर्मी के दिनों में भी लो प्रेशर से निजात मिलेगी।

#### लो प्रेशर के कारण टूल्लू पंप का इस्तेमाल

पीने के पानी की सप्लाई सर्दी के दिनों में तो ठीक रहती है लेकिन गर्मियों में लो प्रेशर होने के चलते ऊपरी मंजिलों पर पानी की टंकियों में पानी पहुंचाने के लिए टूल्लू पंप का इस्तेमाल करते हैं , गर्मियों में लो प्रेशर होने के कारण टूल्लू पंप भी जवाब दे जाते हैं और ऐसे में पीने के पानी की समस्या उत्पन्न हो जाती है। लेकिन बूस्टर पंप लगने से इस समय बड़ी राहत मिलेगी और लोगों को जो गर्मियों में पीने के पानी की परेशानी से जूझना पड़ता है वह हल हो जाएगी।

#### पांच जगहों पर पंप लगाने की मांगी अनुमति

जेई दीपक चौहान के अनुसार फिलहाल 5 स्थानों पर बूस्टर पंप लगायें जाने की मांग की है। जिसमें एचटी प्लांट मौजगढ़, पीएचसी सेंटर बराडा, पुरानी तहसील बराडा, बस स्टैंड बराडा और बागी बराड़ा गांव इन स्थानों पर बूस्टर लगाने के लिए प्रपोजल विभाग को भेजा गया है।

### गर्मी के मौसम में पानी को तरस रहे तंदवाल के ग्रामीण

**बराड़ा।** गांव तंदवाल के लोग विशेषकर जोगी मौहल्ले के लोग गर्मी के मौसम में पीने के पानी को तरस रहे है इससे ग्रामीणों में सरकार के प्रति रोष है। गांव में स्थित तीन ट्यूबवेलों में से एक पिछले लगभग तीन महीने से खराब पड़ा है। इसके कारण गांव में पानी की सप्लाई कम हो पा रही है। दूसरी ओर जोगी मौहल्ले के लोगों का कहना है कि उन्हें पानी की नई पाईप लाईन डालने के बाद उन्हें पूरा पानी नहीं मिल पा रहा है। ग्रामीण अशोक पुरी, बलबीर, पाला राम, जसपाल, कृष्ण कुमार, राजपाल, जतिन, बिल्लू, पिंका, जयकुमार, सुदेश, जयभगवान आदि ने बताया कि उनके मौहल्ले में पीने का पानी समय पर नहीं पहुंच रहा है। जिस कारण उन्हें रात को जाग-जागकर पानी भरने को मजबूर होना पड़ रहा है। ग्रामीण अशोक पुरी ने बताया कि जोगी मौहल्ले में बीते दिनों जो पानी की पाइपलाइन बिछाई गई थी उसका लेवल पुरानी लाइन से ऊंचा है जिस कारण उनके मौहल्ले के लोगों को पूरा पानी नहीं मिल पा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि नई पाइपलाइन बिछाने के बाद तोड़ी गई गली को भी अभी तक ठेकेदार की ओर से ठीक नहीं किया गया है। ऐसे में ग्रामीणों में रोष पनप रहा है।

**तीन महीने से खराब पड़ा ट्यूबवेल:** गांव में पब्लिक हल्थ की ओर से तीन ट्यूबवेल लगाए गए है। जिनमें से एक पिछले लगभग तीन महीने से खराब पड़ा है जिस कारण पूरे गांव में पीने के पानी की आपूर्ति सही से नहीं हो पा रही है। गर्मी का मौसम होने के कारण पानी की लागत अधिक होती है लेकिन दो ट्यूबवेल गांव में पानी की आपूर्ति नहीं कर पा रहे है। जोगी मौहल्ला के लोगों का कहना है कि उनका एरिया ऊंचाई पर स्थित है जिस कारण उनके वहां पानी पूरा नहीं पहुंच पाता। ऐसे में उन्होंने विभाग को सुझाव दिया है कि उनके एरिया में टयूबवैल को लगाया जाए ताकि ऊ परी एरिया में भी पानी मिल सके और वहां से यह पानी निचले एरिया तक भी आसानी से पहुंच सके।

#### फिलहाल दो ही ट्यूबवेल काम कर रहे

गांव में पानी के तीन ट्यूबवेल में से फिलहाल दो ही काम कर रहे है। एक ट्यूबवेल पिछले दो-तीन महीने से खराब है। दोनों ट्यूबवेल कई-कई घंटे लगातार चलाए जा रहे है ताकि गांववासियों को गर्मी के मौसम में पानी की कमी न हो।
-बिल्लू, ट्यूबवेल ऑपरेटर।

#### अगले माह ट्यूबवेल लगवाने का कार्य होगा शुरू

गांव तंदवाल में नए ट्यूबवेल को लगवाने का टैंडर हो चुका है। अगले महीने में ही ट्यूबवेल को लगाने का काम शुरू हो जाएगा।
-दीपक राणा, जेई, पब्लिक हेल्थ विभाग



नारायणगढ़। लोगों की आंखों व दांतों की जांच करते डॉक्टर ।

### आंख व दांत शिविर में 75 लोगों ने करवाई जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़

श्री सनातन धर्म महावीर दल द्वारा स्थानीय बजरंग भवन में मुफ्त आंखों की जांच व दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इसमें लगभग 75 लोगों ने अपनी आंखों व दांतों की जांच करवाई। संस्था के महासचिव राजेश वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि इस शिविर में विशेषज्ञों की टीम ने जहां लोगों की आंखों की जांचकर उन्हें दवाईयां व चश्मे के नंबर दिए वहीं स्वामी देवीदयाल डेंटल कालेज बागवाली की टीम ने जिसमें डॉ. तानिया, डॉ. लिसमा, डॉ. जुनैद, डॉ. कनिका, डॉ. अंजली व पीआरओ पूजा शर्मा ने शिविर में आए मरीजों के दांतों की जांचकर उन्हे दवाइयां भी मुफ्त दी। वर्मा ने बताया कि डॉक्टरों की टीम ने लोगों को तंबाकू से होने वाले नुकसान जैसे मुंह व गले का कैंसर आदि के बारे जागरूक किया। इसके अलावा कैम्प के दौरान महिलाओं को सैनिटरी पैड्स का वितरण भी किया गया, जिससे उन्हें स्वास्थ्य और स्वच्छता का ध्यान रखने में मदद मिल सके। उन्होने कहा कि यह पहल समाज में महिलाओं के स्वास्थ्य और हाइजिन के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर संस्था के प्रधान प्रीतम लाल गुलाटी, संरक्षक विजय कंसल, पूर्व प्रधान जगदीश चंद वर्मा, उप प्रधान रामेश्वर शर्मा, आदर्श गुप्ता, विनोद वर्मा, कोषाध्यक्ष नरेश कुमार, कैंप ईंचार्ज सतीश अग्रवाल, सोमनाथ शर्मा, राजपाल धीमान मौजूद थे।

### हेरोइन सहित आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना महेशनगर क्षेत्र टांगरी बांध नजदीक गणेश विहार महेशनगर से हेरोइन तस्करी के मामले में पुलिस ने आरोपी रवि कुमार उर्फ मन्नी को 6 ग्राम 80 मिलिग्राम हेरोइन सहित काबू किया है। पूछताछ के बाद अदालत ने आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी नशा तस्करी का कार्य करता है। इसी आधार पर पुलिस ने नाकाबंदी कर आरोपी को रंगे हाथों काबू किया। तलाशी लेने पर उससे 6 ग्राम 80 मिलिग्राम हेरोइन बरामद हुई।

## सीएम ने सिरसगढ़ मंदिर में टेका माथा संत मनदीप दास से लिया आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी कल देर शाम को सिरसगढ़ स्थित श्री गुरूदास मंदिर में पहुंचे और माथा टेका। इस दौरान उन्होंने यहां डेरा संचालक संत श्री 108 मनदीप दास जी महाराज से भी आशीर्वाद लिया और उनके साथ काफी देर तक बातचीत की। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी पंचकूला से यमुनानगर की ओर जा रहे थे। इसी दौरान उन्होंने अपना काफिला सिरसगढ़ श्री गुरू रविदास मंदिर की ओर मोड़ दिया। यहां पहुंचने से महज 5 मिनट पहले ही डेरा संचालकों को सीएम के आने की सूचना मिली। यहां पहुंचते ही मुख्यमंत्री ने सबसे पहले मंदिर में पहुंचकर माथा टेका और इसके बाद संत मनदीप दास महाराज के साथ कुछ देर तक चाय पीकर कई मामलों को लेकर बातचीत की। मुख्यमंत्री सैनी के साथ अंबाला लोकसभा से पूर्व सांसद रतनलाल कटारिया की पत्नी बंतो कटारिया भी मौजूद थी।



बराड़ा। संत मनदीप सिंह से आशीर्वाद लेते हुए सीएम नायब सैनी साथ में बंतो कटारिया।

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियां शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस उपमण्डल स्तर पर 21 जून को राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय तथा खंड शहजादपुर में पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में मनाया जाएगा। इसके लिए सभी अधिकारी व कर्मचारी प्रातः 6.30 बजे योग दिवस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए पहुंचेंगे। योग दिवस की रिहर्सल 19 जून को प्रातः 7 से 8 बजे तक होगी। इस बारे में एसडीएम यश जालुका द्वारा विभिन्न विभागों के अधिकारियों की डयूटी लगाई गई है। अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम के नोडल अधिकारी खण्ड शिक्षा अधिकारी होंगे। एसडीएम ने कहा कि उपमंडल में स्थित सभी विभागाध्यक्ष अपने स्टाफ सहित अपने-अपने खण्ड में होने वाले योग दिवस कार्यक्रम में उपस्थित रहेगें। उन्होंने उपमण्डल के लोगों से भी अनुरोध किया है कि वे अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में भाग लें। उन्होंने कहा कि योग साधना से जीवन में उमंग एवं उत्साह का संचार होता है और जीवन तनाव व विकृतियों से बचता है। आयुष विभाग से डॉ. अखिलेश ने बताया कि अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम को लेकर 29 मई से 31 मई तक राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में पीटीआई तथा डीपीआई के लिए योग का ट्रेनिंग कार्यक्रम आयोजित किया जा चुका है तथा इसी प्रकार 10 से 12 जून तक अहलुवालिया धर्मशाला में आमजन के लिए ट्रेनिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उन्होने कहा कि योग करने से व्यक्ति स्वस्थ और तनाव रहित रहता है। इसलिए प्रतिदिन अवश्य योग करना चाहिए।



नारायणगढ़। योगाभ्यास करते शिक्षक।

## योग सहायकों और योग शिक्षकों ने गांव-गांव जाकर निकाली योग जागरण यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर आयुष विभाग व हरियाणा योग आयोग के अधिकारियों, कर्मचारियों, योग सहायकों व योग शिक्षकों द्वारा गांव-गांव जाकर योग जागरण यात्रा निकाली गई। इस यात्रा के दौरान उन्होंने आमजन को योग करने को लेकर आमजन को जागरूक किया और 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की। जिला आयुष अधिकारी डॉ. शशिकांत शर्मा ने बताया कि भारत ही नहीं बल्कि विश्वभर में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जा रहा है। अम्बाला में 21 जून को जिलास्तरीय कार्यक्रम का आयोजन अम्बाला शहर की पुलिस लाईन में किया जाएगा। इसके अतिरिक्त जिला के सभी 6 ब्लॉक में भी योग दिवस के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस कार्यक्रम में स्कूल, कॉलेज, आईटीआई के बच्चे, सरकारी अधिकारी, कर्मचारी, भारतीय योग संस्थान से जुड़े लोग, पतंजलि योग पीठ से जुड़े लोग व बड़ी संख्या में आमजन शामिल होंगे और योग करेंगे। अधिकारी ने बताया कि 16 जून को योग जागरण यात्रा निकाली गई। इस यात्रा का सीधा संदेश आमजन को योग के प्रति जागरूक करना था, ताकि लोग स्वस्थ दिनचर्या को अपने जीवन में धारण कर सकें।



अंबाला। योग को लेकर जागरुक यात्रा निकालते ग्रामीणा व बच्चे।

## अचानक घर से लापता हो गई दो महिलाएं

- पुलिस ने दर्ज कर जांच शुरू की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

2 विवाहित महिलाएं घर से लापता हो गई। एक विवाहिता की अपने पति के साथ कहासुनी हुई थी तो दूसरी बिना बताए घर से निकली। दोनों मामलों में परिजनों ने अपने स्तर पर तलाश की, लेकिन दोनों का कहीं कोई सुराग नहीं लगा। परिजनों ने पुलिस को शिकायत सौंप तलाश करने की गुहार लगाई है। पुलिस ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव रोशनपुर के व्यक्ति ने बताया कि 5 जून को उसकी अपनी पत्नी के साथ कहासुनी हो गई थी। झगड़ा होने के अगले दिन उसकी पत्नी लोन लेने के लिए अंबाला सिटी आई थी, लेकिन वापस नहीं लौटी। उसने अपने स्तर पर अपनी पत्नी की हर जगह तलाश की, लेकिन कहीं पता नहीं चला। शिकायतकर्ता ने बताया कि उसकी पत्नी का मोबाइल भी बंद आ रहा है। अंबाला शहर के पुरानी आबादी के व्यक्ति ने बताया कि उसकी साल 2010 में शादी हुई थी। शादी के बाद से 2 बच्चे भी हैं, लेकिन 14 जून को उसकी पत्नी बिना बताए कहीं चली गई। उसने अपनी पत्नी की हर जगह तलाश कर ली है, लेकिन कहीं कोई सुराग नहीं लगा। सेक्टर-9 थाने की पुलिस ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## लू से बचने के लिए बरतें विशेष सावधानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

डीसी डॉ. शालीन ने तापमान में बढ़ौतरी के चलते नागरिकों से हीट-वेव यानि लू के प्रकोप से बचाव के लिए विशेष सावधानी बरतने की अपील की है। उन्होंने नागरिकों से आह्वान किया है कि वे लू से बचाव के लिए जरूरी प्रबंध रखें। छोटे बच्चों व बुजुर्गों की विशेष देखभाल जरूरी है। डॉ. शालीन ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी एडवाईजरी के अनुरूप तापमान अधिक होने की स्थिति में नागरिकों को बचाव में विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है। इसके अलावा शरीर में पानी की कमी करने वाले चाय, कॉफी और कार्बोनेटिड शीतल पेय जैसे पदार्थों के सेवन से बचना चाहिए। उच्च प्रोटीन युक्त व बासी भोजन न खाएं। कमजोरी, चक्कर आना, सिर दर्द, दौरे जैसे हीट स्ट्रोक, हीट रैश के संकेतों को पहचाने। यदि आप बेहोशी या बीमार महसूस करें तो तुरंत डॉक्टर को दिखाएं। उन्होंने कहा कि लू से बचाव के लिए पर्याप्त पानी पिएं, भले ही प्यास न लगी हो। हल्के रंग के व ढीले और छिद्रयुक्त सूती कपड़े पहनें। धूप में बाहर जाते समय सुरक्षात्मक चश्मे, छाता/टोपी, जूते या चप्पल का प्रयोग करें। जब बाहर का तापमान अधिक हो तो कड़ी मेहनत की गतिविधियों से बचें। बिना कार्य के तपती दोपहरी में घर से बाहर निकलने से बचें। यात्रा करते समय पानी अपने साथ रखें। यदि आप बाहर काम करते हैं, तो टोपी या छाते का उपयोग करें और अपने सिर, गर्दन, चेहरे और अंगों पर एक नम कपड़े का उपयोग करें।यदि आप बेहोशी या बीमार महसूस करते हैं, तो तुरंत डॉक्टर से मिलें।

#### जानवरों को छाया में रखें

डीसी डॉ. शालीन ने कहा कि पार्क किए गए वाहनों में बच्चों या पालतू जानवरों को न छोड़ें। जानवरों को छाया में रखें और उन्हें पीने के लिए भरपूर पानी दें। नागरिक स्वयं के साथ-साथ बेजुबान पशु और पक्षियों का भी ध्यान रखें। जहां पर अक्सर पक्षी आते हैं, वहां पर पानी का उचित प्रबंध करें ताकि प्यास लगने पर पक्षी पानी पी सकें। अत्याधिक गर्मी के चलते पक्षियों को बार-बार प्यास लगना स्वाभाविक है।

### 34 खरकां गांव में पानी की किल्लत, लोग परेशान

**गुहला-चीका।** खरकां गांव में पंचायती ट्यूबवेल खराब हो जाने के कारण लोगों को पानी की किल्लत झेलनी पड़ रही है। ग्रामीण राजू, सुमित, सुरेश व दलजीत सिंह आदि ने बताया किमें पिछले करीब 10 दिनों से गांव में पानी की किल्लत बनी हुई है। ग्रामीणों ने बताया कि लोगों के घरों में पानी सप्लाई करने वाला जन स्वास्थ्य विभाग का बोर खराब हो गया था, जिसे विभाग के अधिकारी ठीक नहीं करवा रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि इस भीषण गर्मी में वे पीने के पानी के लिए भी बहुत ज्यादा परेशान हैं उन्होंने बताया कि हालांकि पंचायत ने दो-तीन पानी के टैंकरों का बन्दोबस्त किया है परंतु लोगों की मांग पूरी नहीं हो रही है। ग्रामीणों ने बताया कि टैंकर आते ही लोगों का हजूम उमड़ पड़ता है और लोगों में धक्का-मुक्की भी होती हैर। उक्त समस्या को लेकर गांव केसरपंच जोनी ग्रोवर ने कहा कि बोर खराब नहीं हुआ बल्कि वह नीचे से टूट गया है और नया बोर लगवाने के लिए वे प्रयासरत हैं। उम्मीद है कि जल्द ही नया बोर लगा दिया जाएगा।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

### नवनिर्वाचित सांसद वरूण चौधरी ने कार्यकर्ताओं का जताया आभार

# दस साल सत्ता के नशे में चूर रही भाजपा सरकार

- चुनाव हारने के बाद याद आई एनडीसी की समस्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला लोकसभा के नवनिर्वाचित सांसद वरुण चौधरी ने कहा कि भाजपा 10 वर्ष तक सत्ता के नशे में चूर रही। जनता की किसी समस्या की ओर ध्यान नहीं दिया। लोकसभा चुनाव में जनता ने भाजपा को नकारने के बाद अब प्रदेश सरकार को जनता की परेशानी की याद आई है। उन्होंने कहा कि अब भी जनता को गुमराह करने लिये राहत देने की घोषणाएं ही की जा रही हैं। धरातल पर परेशानी ऐसी ही बनी हुई हैं।

चौधरी रविवार को अंबाला शहर के कांग्रेस भवन में अंबाला शहर विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी की जीत के साथ साथ यह कांग्रेस के हर कार्यकर्ता की जीत है जिन्होंने कम समय मे दिन रात मेहनत करके भाजपा को हराने का काम किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा अंबाला की सीट को अपनी पक्की सीट मानकर चल रही थी लेकिन केंद्र और हरियाणा की सरकार की जनविरोधी नीतियों से परेशान जनता ने इस चुनाव को अपना चुनाव मानकर लड़ा है।

भाजपा के घमंड का मुंह तोड़ जवाब दिया है। उन्होंने कार्यकर्ताओं और जनता को विश्वास दिलवाया की वे सदैव उनके बीच रहकर जनता की आवाज बुलंद करेंगे। संसद में अंबाला क्षेत्र की जनता की आवाज को दबने नहीं देंगे।

कांग्रेस भवन पहुंचने पर बड़ी संख्या में मौजूद कार्यकर्ताओं ने फूलमालाओं से उनका स्वागत किया। पूर्व मंत्री निर्मल सिंह ने भी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया और कहा कि वरुण चौधरी के नेतृत्व में यहां की समस्याओं का समाधान होगा। पूर्व विधायक एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य जसबीर मलौर ने कार्यकर्ताओं को लोकसभा चुनाव में विजय की मुबारकबाद दी और भीषण गर्मी में दिनरात मेहनत करने के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं का आवाहन किया कि वे आगामी तीन महीने के लिए भी इस जोश को इसी तरह बरकरार रखे।



अंबाला। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते सांसद वरूण चौधरी।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर अशोक मेहता ,हिम्मत सिंह, डिप्टी मेयर राजेश मेहता,जग्गा खैरा, दरबारा सिंह लौटा, ,अमीषा चावला, निगम सदस्य जसबीर सिंह ,मिथुन वर्मा ,देवेंद्र वर्मा,कुलदीप गुल्लू ,देवेंद्र बजाज,ईशू गोयल, हरजीत बब्बल, प्रतीक चौधरी,रोहित शर्मा,अवतार केसरी, अशोक बूंदी, राजबीर काला, हरविंदर सरपंच मलौर, तरुणदीप पुनिया ,लाभ सिंह ठरवा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।